सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-under-standing-the-feel-good-hor-mone/

SABGURU NEWS

पो.रजि. नं. आरजे/एजे/211/2025-27

PRGI. No. RAJBIL/2023/88629

खबरों के लिए स्कैन करें

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 4 | अंक 2 | अजमेर, शुक्रवार 10 जुलाई 2026 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4


## राजस्थान में 10 से 23 जुलाई तक प्रदेशव्यापी ओबीसी परिवारों का होगा सर्वेक्षण




जयपुर। राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग 10 से 23 जुलाई तक राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) परिवारों का राज्यव्यापी डिजिटल सर्वेक्षण का आयोजन करेगा।

ओबीसी आयोग राजस्थान के जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट याचिका सुरेश महाजन बनाम मध्यप्रदेश राज्य एवं अन्य में पारित निर्णयों एवं राज्य सरकार द्वारा गठित राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग को प्रदत्त संदर्भों के अनुपालन में आयोग द्वारा राज्य में ओबीसी के राजनीतिक प्रतिनिधित्व के संबंध में समसामयिक एवं अनुभवजन्य अध्ययन किया जा रहा है।इस अध्ययन के तहत आयोग द्वारा 10 से 23 जुलाई तक प्रदेश के समस्त जिलों में 'राजधारा सर्वे मोबाइल ऐप' के माध्यम से ओबीसी परिवारों का राज्यव्यापी डिजिटल सर्वेक्षण आयोजित किया जाएगा।सर्वेक्षण का उद्देश्य राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग की वर्तमान सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक, जनसांख्यिकीय एवं स्थानीय निकायों में राजनीतिक प्रतिनिधित्व से संबंधित तथ्यात्मक एवं अद्यतन आंकड़ों का संकलन करना है, जिससे आयोग विधिसम्मत एवं वैज्ञानिक आधार पर अपनी अनुशंसाएं राज्य सरकार को प्रस्तुत कर सके। सर्वेक्षण कार्य पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपादित किया जाएगा।आयोग की ओर से विकसित राजधारा सर्वे मोबाइल ऐप के माध्यम से नियुक्त लगभग 51168 प्रगणक घर-घर जाकर निर्धारित प्रपत्र के अनुसार सूचनाओं का संकलन करेंगे। संपूर्ण प्रक्रिया का ऑनलाइन मॉनिटरिंग एवं गुणवत्ता नियंत्रण आयोग स्तर पर सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे आंकड़ों की शुद्धता, पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनी रहे।



## अशोक सिंह ने कांग्रेस छोड़ी, अनुशासन समिति के नोटिस से नाराज होकर दिया इस्तीफा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और एआईसीसी सदस्य अशोक सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजा है। इस्तीफे में उन्होंने उत्तर प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस पर नाराजगी जताते हुए इसे अपने फैसले की प्रमुख वजह बताया है।अशोक सिंह ने पत्र में लिखा है कि वह पिछले 35 वर्षों से कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता रहे हैं। वर्तमान में वह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के सदस्य हैं और लगभग 20 वर्षों से इस जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे थे। इससे पहले वह उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में संगठन मंत्री और लंबे समय तक पार्टी के प्रवक्ता भी रह चुके हैं।उन्होंने बताया कि 4 जुलाई को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया, जिसमें उन पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया गया। उन्होंने इस कार्रवाई पर असहमति जताते हुए कहा कि उन्होंने एनएसयूआई, युवा कांग्रेस और प्रदेश कांग्रेस संगठन में विभिन्न पदों पर रहकर तीन दशक से अधिक समय तक पार्टी की सेवा की है।इसी विरोध के चलते वह कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे रहे हैं। सिंह ने अपने इस्तीफे की प्रतिलिपि उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के प्रभारी सचिव तथा प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति को भी भेजी है। अशोक सिंह का इस्तीफा ऐसे समय आया है जब उत्तर प्रदेश कांग्रेस संगठन को आगामी राजनीतिक गतिविधियों के मद्देनजर मजबूत करने की कोशिशों में जुटी है।

## महाराष्ट्र के सतारा जिले में करंट लगने से एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

कोल्हापुर/सतारा। महाराष्ट्र के सतारा जिले में बुधवार सुबह बिजली की ओवरहेड लाइन के संपर्क में आने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में पति पत्नी और उनके दो बच्चे शामिल हैं।पुलिस के अनुसार जिले की फलटण तहसील के खामगांव गांव में यह घटना तब हुई जब परिवार के घर के बाहर गिरा हुआ एक बिजली का तार उनके संपर्क में आ गया। एक-दूसरे को बचाने के प्रयास में परिवार के चारों सदस्य बिजली के झटके की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।इस घटना में सतीश किसान शिंदे (45), पत्नी गंगू शिंदे (40), बेटे सचिन (26) और आरती (24) के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि सबसे पहले पिता सतीश ने गिरे हुए तार को छुआ और उन्हें बिजली का झटका लगा। उनकी चीख-पुकार सुनकर परिवार के सदस्य एक-एक करके उनकी मदद के लिए दौड़े और एक एक करके सभी सदस्य बिजली के करंट की चपेट में आ गए।बाद में पड़ोसियों ने बिजली की आपूर्ति बंद की और अधिकारियों को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आकस्मिक मृत्यु की रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने आवश्यक पंचनामा की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।



## यूपी विधानसभा चुनाव से पहले डैमेज कंट्रोल में जुटे भाजपा-आरएसएस

### राम मंदिर चढ़ावा विवाद




लखनऊ। अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे से जुड़े विवाद के बाद भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) उत्तर प्रदेश में व्यापक जनसंपर्क अभियान की तैयारी में जुट गए हैं।पार्टी नेतृत्व को आशंका है कि यह विवाद आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में विपक्ष का बड़ा मुद्दा बन सकता है और इसका चुनावी असर भी पड़ सकता है। भाजपा सूत्रों के अनुसार, भाजपा का लक्ष्य लोगों के बीच फैले असंतोष को कम करना और विपक्ष के उन आरोपों का जवाब देना है, जिनमें कहा जा रहा है कि मंदिर में चढ़ाए गए दान और बहुमूल्य वस्तुओं की कथित चोरी के मामलों में पार्टी और संघ ने समय रहते पर्याप्त कार्रवाई नहीं की।भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी बताया कि पार्टी ने विशेष रूप से उत्तर प्रदेश इकाई को निर्देश दिए हैं कि वह जनता के बीच यह संदेश पहुंचाए कि केंद्र और राज्य सरकार ने मामले के सामने आते ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी थी। साथ ही विपक्ष पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाने की रणनीति भी तैयार की गई है।भाजपा सूत्रों के मुताबिक, हाल ही में उत्तर प्रदेश दौरे के दौरान भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने पार्टी नेताओं से कहा कि मामले में चूक हुई है, लेकिन नेताओं को आपसी आरोप-प्रत्यारोप से बचना चाहिए। उनका मानना है कि विपक्ष इस विवाद को चुनावी मुद्दा बनाकर धार्मिक आस्था से जुड़े मामले को राजनीतिक रंग देना चाहता है।उधर, आरएसएस भी अलग से जनसंपर्क अभियान चलाने पर विचार कर रहा है। इसको लेकर भाजपा के एक सांसद ने बताया कि स्वयंसेवकों को घर-घर भेजकर विशेष रूप से बड़े दानदाताओं से संपर्क करने की योजना बनाई जा रही है। जिन लोगों ने निर्धारित सीमा से अधिक दान दिया है और जिनके पास रसीदें उपलब्ध हैं, उन्हें मंदिर में सुरक्षित रखी गई उनकी भेंट का प्रत्यक्ष सत्यापन कराने का प्रस्ताव भी है।सांसद ने बताया कि संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों का मानना है कि दान की गई प्रत्येक वस्तु का पूरा हिसाब होना चाहिए और श्रद्धालुओं के मन में यदि कोई संशय है तो उसे दूर करना आवश्यक है।गौरतलब है कि विपक्षी दलों ने भी इस मुद्दे पर अपनी रणनीति तेज कर दी है। माना जा रहा है कि 20 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र में विपक्ष इस मामले को जोरदार तरीके से उठाएगा। ऐसे में भाजपा और आरएसएस दोनों इस विवाद से उपजे राजनीतिक नुकसान को सीमित करने के लिए आक्रामक जनसंपर्क अभियान के जरिए लोगों का भरोसा फिर से मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं।



## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे और भारतमाला परियोजनाएं राजस्थान के विकास को देगी नई गति : भजनलाल शर्मा

कोटा। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा विकसित की जा रही दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे एवं भारतमाला जैसी महत्वाकांक्षी सड़क परियोजनाएं राजस्थान के विकास को नई गति प्रदान करेंगी। शर्मा बुधवार देर शाम कोटा के गोपालपुरा मण्डाना में आमसभा को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में देश में सड़क अवसंरचना विकास का नया इतिहास रचा गया है। उन्होंने कहा कि कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, दौसा, अलवर और झालावाड़ जैसे क्षेत्रों को जोड़ते हुए दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे जैसा विश्व स्तरीय कॉरिडोर विकसित होगा।उन्होंने कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का महत्वपूर्ण हिस्सा मुकुंदरा टनल प्रोजेक्ट आधुनिक भारतीय इंजीनियरिंग का नायाब नमूना है। कठिन पठारी क्षेत्र में विश्व स्तरीय तकनीक के साथ निर्मित इस टनल में सुरक्षा और वायु संचालन (वेंटीलेशन) जैसी आधुनिक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। यह इस बात का प्रमाण है कि आज भारत इंजीनियरिंग में बहुत आगे पहुंच चुका है।शर्मा ने कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से कोटा के जुड़ाव को सुगम बनाने के लिए कोटा (डीसीएम) रोड से उम्मेदगंज तक चार लेन स्पर एलिवेटेड रोड की डीपीआर तैयार की जा रही है। राज्य सरकार ने भी पिछले लगभग ढाई वर्षों में कोटा जिले के विकास के लिए लगभग पांच हजार करोड़ रुपए के विकास कार्य स्वीकृत किए हैं। कोटा में सड़क, रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के साथ-साथ अनेक महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि कोटा शिक्षा, संस्कृति, उद्योग, कृषि और खनिज संपदा का महत्वपूर्ण केंद्र है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सतत प्रयासों तथा केंद्र सरकार के सहयोग से कोटा और हाड़ौती क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिली है।



## हरियाणा पुलिस का ईएसआई हनी ट्रैप मामले में दो लाख रुपए रिश्वत लेते अरेस्ट

फरीदाबाद। हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने हरियाणा पुलिस के एक एक्सटेंडेड सहायक पुलिस निरीक्षक(ईएसआई) को दो लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। ब्यूरो ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया है। ब्यूरो के अनुसार शिकायतकर्ता हरियाणा पुलिस के सेवानिवृत्त ईएसआई हैं। वर्ष 2023 में थाना कैंप, पलवल में दर्ज हनी ट्रैप मामले में जांच के दौरान उनका नाम भी सह-आरोपियों के खुलासे के आधार पर शामिल किया गया था। वर्तमान में वह इस मामले में न्यायालय से जमानत पर हैं। आरोप है कि ईएसआई होशियार सिंह ने मामले में समझौता कराने के नाम पर उनसे दो लाख की रिश्वत मांगी थी।

## सम्पादकीय

### पर्यावरण नहीं, अस्तित्व का प्रश्न है वनों का संरक्षण

भारतीय संस्कृति में प्रकृति को सदैव पूजनीय माना गया है। हमारे पर्व और उत्सव केवल सामाजिक उल्लास के अवसर नहीं रहे बल्कि प्रकृति और मानव के सह-अस्तित्व के प्रतीक भी रहे हैं। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता के क्षरण, प्रदूषण और जल संकट जैसी अभूतपूर्व चुनौतियों से जूझ रही है, तब भारत में 1 से 7 जुलाई तक मनाया जाने वाला ह्मवन महोत्सवह्व केवल वृक्षारोपण का अभियान नहीं है बल्कि पृथ्वी पर जीवन बचाने का राष्ट्रीय संकल्प बन चुका है। वास्तव में यदि वर्तमान समय की आवश्यकताओं को देखा जाए तो वन महोत्सव से बड़ा कोई उत्सव नहीं हो सकता क्योंकि इसका संबंध केवल पर्यावरण से नहीं बल्कि मानव सभ्यता के भविष्य से है। भारतीय परंपरा में वनों को देवतुल्य माना गया है। वे केवल पेड़ों का समूह नहीं बल्कि पृथ्वी के फेफड़े, जैव विविधता के सबसे बड़े आश्रय, नदियों के संरक्षक, जलवायु संतुलन के प्रहरी तथा करोड़ों लोगों की आजीविका के आधार हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति से ठीक पहले जुलाई 1947 में दिल्ली में चलाए गए व्यापक वृक्षारोपण अभियान ने वन महोत्सव की अवधारणा को जन्म दिया था, जिसे वर्ष 1950 में तत्कालीन केंद्रीय कृषि एवं खाद्य मंत्री कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। जुलाई के प्रथम सप्ताह का चयन इसलिए किया गया क्योंकि दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान मिट्टी में पर्याप्त नमी होने से पौधों के जीवित रहने की संभावना सर्वाधिक रहती है। आज यह अभियान भारत के वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन का जीवंत प्रतीक बन चुका है। वानिकीवनों की स्थिति विश्व स्तर पर चिंताजनक बनी हुई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, पृथ्वी का केवल लगभग 31 प्रतिशत भूभाग ही वनाच्छादित है जबकि प्रतिवर्ष लाखों हेक्टेयर वन क्षेत्र अवैध कटाई, औद्योगिकीकरण, खनन और अवसंरचनात्मक विकास की भेंट चढ़ रहा है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यदि यही प्रवृत्ति जारी रही तो आगामी दशकों में विश्व के अनेक वर्षावन गंभीर संकट में पड़ सकते हैं। ऐसे समय में भारत जैसे विशाल और जैव विविधता से समृद्ध देश की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। भारत ने हाल के वर्षों में वन संरक्षण और वृक्षारोपण की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किए हैं। भारतीय वन सर्वेक्षण की भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) के अनुसार, देश का कुल वन एवं वृक्ष आवरण बढ़कर 8,27,357 वर्ग किलोमीटर हो गया है, जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 25.17 प्रतिशत है। इसमें 7,15,343 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र तथा 1,12,014 वर्ग किलोमीटर वृक्ष आवरण शामिल है। पिछले आकलन की तुलना में कुल हरित आवरण में 1,445 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि दर्ज हुई। क्षेत्रफल के आधार पर मध्य प्रदेश सबसे अधिक वन क्षेत्र वाला राज्य है जबकि अरुणाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ उसके बाद आते हैं। वहीं वन घनत्व के अनुपात में मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय अग्रणी हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की ग्लोबल फॉरेस्ट रिसोर्सेज असेसमेंट रिपोर्ट में भारत को कुल वन क्षेत्र के आधार पर विश्व में नौवां स्थान तथा वार्षिक वन क्षेत्र वृद्धि के मामले में अग्रणी देशों में स्थान प्राप्त हुआ है। ग्रीनलिविंग और पर्यावरण से जुड़े मुद्देहालांकि इन उपलब्धियों के साथ कुछ गंभीर चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि हरित आवरण में हुई वृद्धि का बड़ा हिस्सा प्राकृतिक सघन वनों के बजाय खुले वनों तथा व्यावसायिक वृक्षारोपण के कारण हुआ है। प्राकृतिक वन केवल पेड़ों का समूह नहीं होते बल्कि हजारों वनस्पतियों, जीव-जंतुओं, सूक्ष्मजीवों और जल स्रोतों का जटिल पारिस्थितिकी तंत्र होते हैं। इनका स्थान कृत्रिम पौधारोपण कभी नहीं ले सकता। विशेष चिंता का विषय पूर्वोत्तर भारत है, जहां सड़क निर्माण, जलविद्युत परियोजनाओं, झूम खेती, भूस्खलन तथा अन्य विकास गतिविधियों के कारण कई क्षेत्रों में वन क्षेत्र में कमी दर्ज की गई है। अपनी पुस्तक ह्मप्रदूषण मुक्त सांसेंह्व में मैंने विस्तार से यह स्पष्ट किया है कि वनों के क्षरण का प्रभाव केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं रहता बल्कि इसका सीधा असर वन्यजीवों और मानव जीवन पर पड़ता है। प्राकृतिक आवास नष्ट होने से हाथी, बाघ, तेंदुए और अन्य वन्यजीव भोजन एवं पानी की तलाश में मानव बस्तियों की ओर आने लगे हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। दूसरी ओर विकास परियोजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई के बाद प्रतिपूरक वृक्षारोपण तो किया जाता है लेकिन पौधों की देखभाल, सिंचाई और संरक्षण की अनदेखी के कारण उनमें से अधिकांश जीवित नहीं रह पाते। केवल पौधे लगा देना पर्याप्त नहीं है बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखना ही वास्तविक सफलता है। पृथ्वीविज्ञानआज वन मानव स्वास्थ्य के सबसे बड़े संरक्षक बन चुके हैं। वायु प्रदूषण, जल संकट और भूमि के मरुस्थलीकरण जैसी समस्याओं का सबसे प्रभावी और किफायती समाधान वृक्ष ही हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर जलवायु परिवर्तन की गति को धीमा करते हैं, ऑक्सीजन उपलब्ध कराते हैं, वर्षा चक्र को संतुलित रखते हैं, भूजल स्तर बनाए रखते हैं तथा मिट्टी के कटाव को रोकते हैं। बढ़ते प्रदूषण के कारण कैंसर, हृदय रोग, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और फेफड़ों से संबंधित बीमारियों में तेजी से वृद्धि हो रही है। साथ ही, अनियमित मानसून, भीषण हीटवेव, सूखा, क्लाउडबर्स्ट और जंगलों में आग जैसी घटनाएं स्पष्ट संकेत हैं कि प्रकृति का संतुलन तेजी से बिगड़ रहा है।

## 35 करोड़ रुपए की कर चोरी की आशंका पर फर्म के ठिकानों पर सर्च





जयपुर/पाली। राजस्थान में राज्य जीएसटी वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा कर चोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मुख्यालय की प्रवर्तन शाखा-तृतीय जयपुर द्वारा मेसर्स प्रेम ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड एवं उससे संबंधित चार अन्य फर्मों के कई ठिकानों पर सर्च कार्यवाही की गई।समूह की फर्मों द्वारा मेहन्दी पाउडर, मेहन्दी कोन, हेयर कलर एवं अन्य ब्यूटी उत्पादों का विनिर्माण एवं व्यवसाय किया जा रहा है। इन फर्मों द्वारा स्थानीय स्तर पर सोजत, पाली से मेहंदी की खरीद की जाकर विभिन्न उत्पादों का विनिर्माण कर विभिन्न राज्यों में सप्लाई की जाती है।विभाग को प्राप्त जानकारी के अनुसार इन फर्मों द्वारा गत वर्षों में अपने परिवार समूह से जुड़ी संबंधित विभिन्न फर्मों से बिना माल की वास्तविक आपूर्ति प्राप्त किए अविधिक इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त कर राज्य सरकार को करोड़ों रुपए की राजस्व क्षति पहुंचाई जा रही है।इस संबंध में प्राप्त जानकारी का विभागीय जीएसटी पोर्टल पर विश्लेषण करने पर उक्त फर्मों द्वारा विगत पांच वर्षों में लगभग 35 करोड़ रुपए की कर चोरी करने की संभावना अनुमानित की गई।मुख्यालय की प्रवर्तन शाखा-तृतीय की पांच टीमें बनाकर इन फर्मों के पाली एवं जयपुर स्थित ठिकानों पर एक साथ सर्च कार्यवाही संपादित की गई। सर्च के दौरान समूह फर्मों की लेखा पुस्तकों में दर्ज स्टॉक एवं व्यवसाय स्थल पर मौजूद स्टॉक में अन्तर पाया गया जिस कारण व्यवसायी द्वारा 99.62 लाख रुपए की राशि राजकोष में जमा करवाई गई।प्रकरण में करापवंचन की दृष्टि से आगत कर की अनुज्ञेयता, स्टॉक में अंतर, राज्य के बाहर माल आपूर्ति के समर्थन में जारी ई-वे बिल एवं अन्य संबंधित दस्तावेजों की गहन छानबीन एवं जांच की जा रही है।

### भोपाल में मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग से गैंगरेप, भाई को भेजा वीडियो


भोपाल। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के कटारा हिल्स थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग लड़की से गैंगरेप का मामला सामने आया है। आरोपियों ने वारदात का वीडियो बनाकर पीड़िता के भाई के मोबाइल पर भेजा, जिसके बाद परिजन ने पुलिस से शिकायत की।पुलिस सूत्रों के अनुसार पीड़िता ने स्कूल जाना छोड़ दिया था। मोहल्ले के दो युवक कई दिनों से उससे दोस्ती करने का दबाव बना रहे थे। वही 1 जुलाई को दोनों आरोपी उसे बात करने के बहाने सुनसान स्थान पर ले गए और उसके साथ दुष्कर्म कर मोबाइल से वीडियो बना लिया। मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण पीड़िता घटना की जानकारी परिजनों को नहीं दे सकी।करीब पांच दिन बाद आरोपियों ने वीडियो पीड़िता के भाई के मोबाइल पर भेजा और अन्य लोगों को भी शेयर किया। वीडियो देखने के बाद परिजन बुधवार रात थाने पहुंचे और केस दर्ज कराया। पुलिस ने गैंगरेप और पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गया : सड़क हादसे में कार में लगी आग, 2 लोग जिंदा जले

गया जी। बिहार के गया जिले में डोभी-पटना फोरलेन पर बीती देर रात एक सड़क हादसे में कार सवार दो लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से झुलस गया। यह हादसा बोधगया थाना क्षेत्र के सिजुआ गांव के पास बीती रात करीब 1:30 बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खाद से लदा दस चक्का ट्रक सर्विस लेन से विपरीत दिशा में फोरलेन पर चढ़ रहा था। इसी दौरान डोभी से पटना की ओर तेज रफ्तार से आ रही कार अनियंत्रित होकर ट्रक के दाहिने हिस्से में बने डीजल टैंक से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डीजल टैंक फट गया और दोनों वाहनों में भीषण आग लग गई।आग ने कुछ ही पलों में पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसमें सवार दो लोगों की मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गई तथा कार चालक गंभीर रूप से झुलस गया। इस हादसे के बाद पुलिस ने घायल चालक को तत्काल मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है।हादसे के बाद ट्रक चालक और खलासी वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। इस घटना के बाद कार पूरी तरह जलकर राख हो गई, जबकि ट्रक का बड़ा हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस को कार से कुछ खाली शराब की बोतलें भी मिली हैं।सूचना मिलते ही बोधगया थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह और एएसआई नीरज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। गुरुवार सुबह जेसीबी और क्रेन की मदद से जले हुए वाहनों को हटाकर यातायात बहाल कराया गया। पुलिस के अनुसार मृतकों की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। मामले की जांच जारी है। साथ ही फरार ट्रक चालक और खलासी की तलाश भी की जा रही है।



## नंदीग्राम एक्सप्रेस में सजाई सुहागरात की सेज, टीटीई निलंबित



नई दिल्ली। रेलवे ने महाराष्ट्र में बल्हारशाह से दादर (मुंबई) के बीच चलने वाली नंदीग्राम एक्सप्रेस के एक प्रथम श्रेणी वातानुकूलित कूपे को सुहागरात की सेज के रूप में सजाने के मामले को गंभीरता से लिया है और इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में ट्रेन टिकट निरीक्षक (टीटीई) को निलंबित कर विस्तृत विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।रेलवे ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को नंदीग्राम एक्सप्रेस (11002 डाउन ट्रेन) के प्रथम श्रेणी वातानुकूलित कूपे में यात्रा कर रहे एक विवाहित जोड़े ने कूपे को सुहागरात के कक्ष की तरह सजा दिया था। इसके लिए उसने ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से डेकोरेटर की सेवाएं ली थीं। ऐसा करने से पहले सजाने वाले डेकोरेटर के प्रवेश के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी। रेलवे ने इसे एक गंभीर चूक करार देते हुए संबंधित टीटीई को निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।हनीमून कक्ष की तरह सजे ट्रेन के कूपे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर रेलवे अधिकारियों ने इसको संज्ञान में लिया। सोसल मीडिया पर इस रोमांटिक माहौल वाले ट्रेन कोच के वीडियो को लेकर नेट पर सक्रिय लोगों हैरानी, आश्चर्य और चटखारे भरी प्रतिक्रियाएं दी हैं।

## कर्नाटक में एमयूवी और लॉरी की टक्कर में 7 लोगों की मौत, दो गंभीर घायल



कारवार। कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में गुरुवार तड़के एक बहु उपयोगी वाहन (एमयूवी) की लॉरी से आमने-सामने की टक्कर में 7 लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा रात करीब 1.30 बजे येल्लापुर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर अराबैल घाट सेक्शन में बालागारा चौराहे के पास हुआ।पुलिस के अनुसार एमयूवी में नौ लोग सवार थे और वे धारवाड़ से धर्मस्थल और चिकमंगलूर की यात्रा पर जा रहे थे, तभी अंकोला की ओर से आ रही एक लॉरी से उनकी गाड़ी टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एमयूवी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।स्थानीय लोगों और आपातकालीन कर्मियों ने घायल दो यात्रियों को पास के अस्पताल पहुँचाया। बाद में बेहतर इलाज के लिए उन्हें हुबली के कर्नाटक आयुर्विज्ञान संस्थान (केआईएमएस) रेफर कर दिया गया। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।शुरुआती जांच से पता चला है कि यूएवी चालक कथित तौर पर तेज रफ़्तार से लापरवाही और बेपरवाही से गाड़ी चला रहा था। पुलिस ने बताया कि गाड़ी हाईवे के एकदम दाईं ओर चली गई और सामने से आ रही लॉरी से सीधे टकरा गई। यूएवी चालक की पहचान संजीव के तौर पर हुई है।हादसे में मारे गए लोग धारवाड़ के उस समूह का हिस्सा थे जो रात भर की यात्रा पर तीर्थ स्थल धर्मस्थल और हिल स्टेशन चिकमंगलूर गए थे। पुलिस ने बताया कि चालक एक फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म के साथ पार्ट-टाइम डिलीवरी एग्जीक्यूटिव के तौर पर काम करता था।दुर्घटना की सूचना मिलते ही येल्लापुर पुलिस स्टेशन के पुलिसकर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की सहायता से बचाव अभियान चलाया। क्षतिग्रस्त वाहनों को राजमार्ग से हटाकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

घायलों में से एक शिवराज की शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 (सार्वजनिक मार्ग पर लापरवाही से वाहन चलाना), 125(2) (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने और गंभीर चोट पहुंचाने का कृत्य) और 106(1) (लापरवाही से मृत्यु का कारण बनना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## हरियाणा पुलिस का ईएसआई हनी ट्रैप मामले में दो लाख रुपए रिश्वत लेते अरेस्ट

फरीदाबाद। हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने हरियाणा पुलिस के एक एक्सटेंडेड सहायक पुलिस निरीक्षक(ईएसआई) को दो लाख की रिश्वत



लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। ब्यूरो ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया है। ब्यूरो के अनुसार शिकायतकर्ता हरियाणा पुलिस के सेवानिवृत्त ईएसआई हैं। वर्ष 2023 में थाना कैंप, पलवल में दर्ज हनी ट्रैप मामले में जांच के दौरान उनका नाम भी सह-आरोपियों के खुलासे के आधार पर शामिल किया गया था। वर्तमान में वह इस मामले में न्यायालय से जमानत पर हैं। आरोप है कि ईएसआई होशियार सिंह ने मामले में समझौता कराने के नाम पर उनसे दो लाख की रिश्वत मांगी थी।शिकायत की पुष्टि के बाद ब्यूरो अधिकारियों ने योजनाबद्ध ढंग से जाल बिछाया और आरोपी को रिश्वत की राशि लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। मामले की आगे की जांच जारी है।

## सारण में नाबालिग लड़की के साथ प्रेमी समेत दो दोस्तों ने किया रेप

छपरा। बिहार में सारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के



साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मगाईडीह गांव की एक नाबालिग लड़की अपने प्रेमी से मिलने चंवर में गई थी। जहां उसके प्रेमी ने जब गलत काम शुरू किया तो इसी दौरान गांव के दो अन्य युवक भी वहां आ गए। उन्होंने भी उक्त नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया।इसके बाद पीड़ित नाबालिग अपने घर पहुंची और मामले की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद परिजन पीड़ित नाबालिग को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां उसकी चिकित्सा की जा रही है।सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर सदर अस्पताल पहुंची पुलिस ने पीड़िता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज करने के साथ ही इस मामले के आरोपी तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## स्कूली छात्रा ने जहर खाया, शीशी लेकर पहुंची अस्पताल

इटावा। उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के इकदिल इलाके में कक्षा 11 की छात्रा ने पढ़ाई के बोझ के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया और खुद ही जहर की शीशी को लेकर जिला अस्पताल पहुंच गई।अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि नावली गांव निवासी कक्षा 11 की छात्रा नाव्या ने पढ़ाई के बोझ के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जब छात्रा की हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को बिना बताए वह अपनी सहेली के साथ जिला मुख्यालय के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर राजकीय साहित्य चिकित्सालय जा पहुंची।डॉक्टर ने पीड़ित छात्रा की वेदना को सुनने के बाद उसको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कर लिया। जहर खाने वाली स्कूली छात्रा की सहेली प्रियंका ने बताया कि नाव्या पढ़ाई के बोझ के चलते काफी दिनों से परेशान चल रही थी और जिसके चलते उसने जहर का सेवन कर लिया।डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय संयुक्त चिकित्सालय के इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉ. श्याम मोहन ने बताया कि जहर खाने के बाद एक स्कूली छात्रा अस्पताल में आई है जिसे उपचार के लिए भर्ती किया गया है। डॉक्टरों की टीम उसका उपचार करने में जुटी हुई है।

## नाबालिग पुत्र की हत्या करने के दोषी पिता को आजीवन कारावास

श्रीगंगानगर। राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के रायसिंहनगर के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने अपने ही नाबालिग पुत्र की हत्या करने के आरोपी को गुरुवार को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश विपिन बिश्नोई ने अभियुक्त राजकुमार उर्फ निक्कू को शराब के नशे में उसके 13 वर्षीय पुत्र की हत्या का दोषी मानते हुए उस पर 27 हजार रुपये का जुर्माना भी किया।मामले के अनुसार जैतसर थाना क्षेत्र में 29 अप्रैल 2025 को अभियुक्त राजकुमार ने शराब के नशे में अपने 13 वर्षीय बेटे गौरव और पत्नी प्रवीण के साथ झगड़ा करते हुए मारपीट की। उसने झगड़े के दौरान लकड़ी से बने एक कृषि औजार कुदाला से पुत्र और पत्नी को पीटा। गंभीर चोट लगने से गौरव की मौत हो गई।

## मानसिक रूप से दिव्यांग महिला से बार-बार रेप, प्रेगनेंट होने पर खुला राज

गडग। कर्नाटक के गडग जिले में मानसिक रूप से एक दिव्यांग युवती के साथ कथित तौर पर बार-बार दुष्कर्म करने का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पीड़िता लगभग छह महीने की गर्भवती पाई गई है, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार रोना तालुक के अराहुनासी गांव की पीड़िता की मां ने स्थानीय व्यक्ति दुर्गाप्पा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है और उस पर अपनी पुत्री के साथ कई महीनों तक बार-बार दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने कथित तौर पर कई मौकों पर यौन शोषण करने से पहले चॉकलेट और स्नैक्स देकर महिला का भरोसा जीता था। पीड़िता की गर्भावस्था की बात सामने आने तक यह कथित शोषण उजागर नहीं हो सका था।

यह मामला तब और गंभीर हो गया जब ऐसे आरोप सामने आए कि आरोपी ने अपने मोबाइल फोन पर दुष्कर्म के वीडियो रिकॉर्ड किए थे। पुलिस ने बताया कि यह घटना तब सामने आई जब कथित तौर पर ऐसा ही एक वीडियो प्रसारित किया गया, जिसके बाद स्थानीय निवासियों और युवाओं ने अधिकारियों को सतर्क किया। पुलिस के अनुसार वह मामले की जांच चल रही है और एकत्र किए गए सबूतों के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# निसान ने दुनिया के लिए पेश की भारत में बनी नई टेकटॉन, कीमत 10.49 लाख रुपए से शुरू

नई दिल्ली। जापानी कार निमार्ता कंपनी निसान मोटर की भारतीय इकाई निसान मोटर इंडिया ने गुरुवार को भारत में आयोजित विश्व प्रीमियर के दौरान नयी निसान टेकटॉन बाजार में पेश की।इस साल भारत में पेश किया गया यह निसान का दूसरा नया मॉडल है। यह दो इंजन विकल्पों टर्बो टी160 औ टर्बो टी280 में उपलब्ध है। टी160 की शुरुआती कीमत 10.49 लाख रुपये और टी280 की शुरुआती कीमत 14.99 लाख रुपये रखी गयी है। कंपनी के अनुसार यह अपने सेगमेंट की पहली एसयूवी है जिसमें पूरी रेंज में केवल टर्बोचार्ज्ड इंजन दिए गए हैं।टेकटॉन का निर्माण चेन्नई स्थित निसान प्लांट में किया जाएगा। इसे एक कार, एक दुनिया रणनीति के तहत विकसित किया गया है और भारत के अलावा मध्य पूर्व, अफ्रीका तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी निर्यात किया जाएगा।निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक सौरभ वत्स ने कहा कि टेकटॉन




भारतीय ग्राहकों को प्रीमियम डिजाइन, अत्याधुनिक तकनीक, शानदार प्रदर्शन और रोजमर्रा की उपयोगिता प्रदान करेगी। टी160 का माइलेज 19.4 किलोमीटर प्रति लीटर और टी280 का 18.5 किलोमीटर प्रति लीटर है। टर्बो टी280 में 163 पीएस का पावर और 280 न्यूटन मीटर का टॉर्क मिलता है।

सभी मॉडल में सुरक्षा के लिए छह एयरबैग और 40 से अधिक सुरक्षा फीचर हैं। इनमें 360 डिग्री कैमरा और 3डी अराउंड व्यू मॉनिटर भी हैं। इसका डिजाइन निसान पेट्रोल से प्रेरित है। इसमें एलईडी कनेक्टेड हेडलैंप और एलईडी टेललैंप है। इसकी बॉडी एयरोडायनामिक है। कनेक्टिविटी के लिए बिल्ट-इन गूगल मैप, गूगल एसिस्टेंट और गूगल के 200 से अधिक ऐप उपलब्ध हैं।जमीन से इसका क्लीयरेंस 212 मिमी है। इसमें प्रीमियम लेदरेट सीट, सॉफ्ट-टच डैशबोर्ड, तीन टोन वाला इंटीरियर, डुअल डिजिटल स्क्रीन, पावर्ड एवं वेंटिलेटेड सीट और डबल डी-कट स्टीयरिंग व्हील जैसे फीचर है।

## ओप्पो इंडिया ने अपने स्मार्टफोन की रेनो 1616 सीरीज लॉन्च की

जयपुर। ओप्पो इंडिया ने बुधवार को अपनी रेनो 1616 सीरीज (स्मार्टफोन) लॉन्च की। इस सीरीज में भारत के पहले होलोवर्स थ्री डी डिजाइन, 50 एमपी के मेन और 3.5एक्स टेलीफोटो लेंस वाले एआई पोर्ट्रेट कैमरा, नैचुरल टोन इमेजिंग और ऑल-फोकल-लेंथ के साथ दो स्मार्टफोन रेनो 1616 और रेनो 1616 सी पेश किए गए हैं।इस अवसर पर ओप्पो इंडिया के हेड (पीआर एंड कम्युनिकेशंस) गोल्डी पटनायक ने मीडिया को बताया कि रेनो 1616 सीरीज केवल एक कम्युनिकेशन



डिवाईस नहीं, बल्कि कैमरा और क्रिएटिव स्टूडियो के साथ प्रोडक्टिविटी कंपेनियन और पर्सनल असिस्टेंट भी है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी के लिए स्मार्टफोन केवल एक डिवाइस नहीं है, बल्कि उनकी क्रिएटिविटी दिखाने और कहानियों एवं व्यक्तित्व को कैप्चर करने के लिए हमेशा उनके साथ रहने वाला कंपेनियन भी है।उन्होंने बताया कि रेनो 1616 सीरीज के साथ भारत में पहला होलोवर्स थ्री डी डिजाईन पेश किया गया है। इसमें ऑल-न्यू थ्रीडी पॉप प्लैनेट डिजाइन है जो केवल स्टैरी व्हाईट वैरिएंट में उपलब्ध है। ये स्मार्टफोन वन-पीस कोल्ड-स्कल्पटेड डिजाईन से बनाए गए हैं। रेनो 1616 और रेनो 1616सी स्टैरी व्हाईट, ट्वाईलाईट वॉयलेट और स्टेलर पर्पल रंगों में उपलब्ध होंगे।

# India's Silicon Boom: Top Semiconductor Career Opportunities and How to Prepare

Mumbai.The global semiconductor landscape is undergoing a massive transformation as technology companies diversify their supply chains. India has emerged as a premier destination for this expansion, evolving from a standalone design hub into a complete microchip ecosystem. Driven by the India Semiconductor Mission (ISM), massive multi-billion-dollar investments, and strategic global partnerships, the Indian semiconductor industry is entering an unprecedented phase of workforce demand.For engineering graduates, experienced tech professionals, and students planning their career paths, the semiconductor boom offers stable, highly technical, and financially rewarding roles.



Why Semiconductor Careers Are Skyrocketing in India-Several structural factors are accelerating recruitment across the domestic electronics and chip manufacturing sectors:Large-Scale Infrastructure Investments: Real physical fabrication units (fabs) and packaging plants are actively scaling up across the country.Strategic Global Partnerships: Landmark corporate collaborations are bringing advanced technology and global standards directly to Indian soil. For instance, the Tata-ASML Partnership at Dholera is setting up India's first commercial mega-fab.The Rise of Sovereign Tech: The surging domestic need for AI accelerator hardware, electric vehicles (EVs), defense drones, and next-generation telecommunications requires localized silicon manufacturing to maintain strategic independence.Top 6 High-Demand Semiconductor Job RolesThe semiconductor job market splits cleanly into software-based architecture (Upstream) and cleanroom-based physical production (Downstream).

1. Chip Design & VLSI Engineer

Design engineers write the logic and lay out the microscopic hardware architecture of integrated circuits.Key Responsibilities: Digital/analog circuit design, RTL development, logic synthesis, and design verification .Essential Skills: Verilog, SystemVerilog, VHDL, and industry-standard Electronic Design Automation (EDA) suites like Cadence and Synopsys.

2. Process Engineer:-Process engineers operate inside state-of-the-art manufacturing facilities to monitor, scale, and optimize chemical and physical operations on silicon wafers.Key Responsibilities: Managing lithography, thin-film deposition, plasma etching, and chemical processing.Essential Skills: In-depth knowledge of cleanroom protocols, process integration, and material properties.

3. Packaging Engineer:-As microchips shrink, advanced packaging technologies ensure multiple integrated components can communicate efficiently without overheating.Key Responsibilities: Managing wire bonding, flip-chip assembly, thermal management, and reliability testing.Essential Skills: Knowledge of chiplet architecture, microfluidic cooling, and structural testing.



## निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में उमड़ी मरीजों की भीड़, विशेषज्ञों ने दिए आंखों की देखभाल के टिप्स

अजमेर। भारत विकास परिषद महाराणा प्रताप शाखा एवं शंकर आयुर्वेद सिविल लाइंस अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिल्ली के वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक एवं रेटिना व नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्ञानेंद्र शर्मा ने मरीजों की आंखों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया।परिषद सचिव दीपक चोपड़ा ने बताया कि शिविर में आयुवेर्दाचार्य डॉ. यशवंत पारीक, पंचकर्म विशेषज्ञ एवं शंकर आयुर्वेदिक हॉस्पिटल के संस्थापक, सहित उनकी पूरी टीम ने सहयोग प्रदान किया। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों की निःशुल्क जांच की गई और उन्हें आंखों को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी जानकारी दी गई।चिकित्सकों ने बताया कि वर्तमान समय में मोबाइल, टीवी एवं अन्य डिजिटल उपकरणों का अधिक उपयोग आंखों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। इनसे निकलने वाली किरणों के कारण आंखों में थकान, जलन एवं अन्य समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने लोगों को मोबाइल और टीवी का उपयोग सीमित करने, समय-समय पर आंखों की जांच करवाने तथा आंखों की देखभाल के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।शिविर सुबह 10 बजे शुरू हुआ, जिसके बाद सिविल लाइंस स्थित हॉस्पिटल में मरीजों की भीड़ जुटने लगी। विशेषज्ञों ने सभी मरीजों की जांच कर उन्हें उचित उपचार एवं बचाव के उपाय बताए।शिविर के सफल आयोजन में संस्था के सुरेश राठी, केके अग्रवाल, सुनील चौधरी एवं राकेश अजमेरा ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया। संस्था पदाधिकारियों ने कहा कि उनका संकल्प लोगों को स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक करना है और भविष्य में भी विभिन्न स्थानों पर ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## भीलवाड़ा में ठगी और ब्लैकमेल करने वाले गिरोह का पदार्फाश

भीलवाड़ा। राजस्थान में भीलवाड़ा के शंभूगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने नाता विवाह के नाम पर लाखों रुपए की ठगी और ब्लैकमेलिंग करने वाले एक कथित गिरोह का पदार्फाश करते हुए एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।आरोपी शादी के बाद नकदी और सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो जाते थे और विरोध करने पर पीड़ित परिवारों को दहेज, दुष्कर्म एवं अन्य झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करते थे।पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि पुलिस ने अनिता जाट (25) और उसके भाई मनफूल जाट (32) को गिरफ्तार किया। मनफूल को हरियाणा के गोहाना से पकड़ा गया, जहां वह मोबाइल की दुकान चला रहा था।पुलिस के अनुसार कालियास निवासी गोविंदराम चौधरी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2024 में आरोपियों ने नाता विवाह कराने के नाम पर उनसे छह लाख रुपए नकद, करीब 10 तोला सोना और दो किलोग्राम चांदी के आभूषण ले लिए।विवाह के बाद महिला ससुराल में नहीं रुकी और मायके चली गई। पीड़ित पक्ष ने जब रकम और आभूषण वापस मांगे तो उन्हें झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देकर 50 हजार रुपए ऐंठ लिए।

# कृषि शिक्षा में अध्ययनरत पात्र छात्राओं को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

## राज किसान साथी पोर्टल पर होंगे ऑनलाइन आवेदन

अजमेर। कृषि विभाग की राज्य योजना के अंतर्गत कृषि शिक्षा में अध्ययनरत छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। पात्र छात्राएं राज किसान साथी पोर्टल के माध्यम से आगामी 31 जनवरी 2027 तक आवेदन कर सकती हैं।कृषि विभाग की संयुक्त निदेशक उषा चितारा ने बताया कि कृषि विषय के साथ सीनियर सेकेंडरी (कक्षा 11 एवं 12) में अध्ययनरत छात्राओं को 15 हजार रुपए प्रतिवर्ष, कृषि स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर अध्ययनरत छात्राओं को 25 हजार रुपए प्रतिवर्ष तथा कृषि विषय में पीएचडी कर रही छात्राओं को 40 हजार रुपए प्रतिवर्ष की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।उन्होंने बताया कि आवेदन के समय छात्राओं को अपनी पिछली कक्षा की अंकतालिका तथा राजस्थान का मूल निवासी प्रमाण-पत्र राज किसान साथी पोर्टल पर अपलोड करना होगा। आवेदन करते समय अध्ययनरत कक्षा का सही विवरण अंकित करना आवश्यक है। संबंधित शिक्षण संस्थान द्वारा छात्रा के वर्तमान अध्ययन का प्रमाण-पत्र भी जारी किया जाएगा।

संस्था प्रधान करेंगे ऑनलाइन सत्यापनः-चितारा ने बताया कि जनाधार के माध्यम से राज किसान साथी पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण के बाद संबंधित विद्यालय अथवा महाविद्यालय द्वारा छात्रा के आवेदन का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसके उपरांत आवेदन संयुक्त निदेशक कृषि कार्यालय को अग्रेषित किया जाएगा।संस्था प्रधान को ऑनलाइन प्रमाणित करना होगा कि छात्रा संबंधित कक्षा में नियमित रूप से अध्ययनरत है, उसने उसी कक्षा में पुनः प्रवेश नहीं लिया है तथा वह अनुत्तीर्ण नहीं हुई है। योजना के अंतर्गत सभी पात्र छात्राओं के आवेदन का ई-साइन सहित ऑनलाइन सत्यापन 31 मार्च 2027 तक संबंधित संस्था द्वारा अनिवार्य रूप से किया जाना आवश्यक है।

## उदयपुर में नर्सिंग छात्र की चाकू मारकर हत्या

उदयपुर। राजस्थान में उदयपुर के सवीना थाना क्षेत्र में एक नर्सिंग छात्र की चाकू मार कर हत्या करने का मामला सामने आया है।पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि हिरण मगरी सेक्टर-14 स्थित श्रीराम अपार्टमेंट के पास रहने वाला दिनेश कुमार बुधवार शाम को मोटरसाइकिल ठीक करवाने के लिए घर से निकला था। रात करीब 10 बजे परिवार के लोगों को सूचना मिली कि वह एमबी अस्पताल में गंभीर अवस्था में भर्ती है। परिजन अस्पताल पहुंचे तब तक दिनेश की मौत हो चुकी थी।पुलिस के अनुसार दिनेश, ललित गमेती और एक अन्य दोस्त मोटरसाइकिल पर साथ में थे। दिनेश और ललित के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद गुस्से में ललित ने दिनेश पर चाकू से वार कर दिया।पुलिस ने इस मामले में ललित गमेती को गिरफ्तार कर लिया है। इस बीच, महाराणा भूपाल अस्पताल के शवगृह के बाहर मृतक के परिजनों ने हत्या के विरोध प्रदर्शन किया।

## शहरी सेवा शिविरों में विशेष योग्यजनों के सर्वे हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

### पात्र दिव्यांगजन योजनाओं के लाभ से नहीं रहेंगे वंचित

अजमेर। जिले में संचालित शहरी सेवा शिविरों के माध्यम से विशेष योग्यजनों को राज्य एवं केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने सभी नगरीय निकायों में नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। इन अधिकारियों की देखरेख में विशेष योग्यजनों का व्यापक सर्वे कर पात्र व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जाएगा।कलक्टर लोक बन्धु ने बताया कि जिले के समस्त नगरीय निकायों में आयोजित शहरी सेवा शिविरों के दौरान निर्धारित प्रारूप में विशेष योग्यजनों का सर्वे किया जाएगा। सर्वे के आधार पर उनका रिकॉर्ड संधारित किया जाएगा तथा जो पात्र दिव्यांगजन अब तक विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उनके आवेदन मौके पर ही तैयार कराकर संबंधित योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।उन्होंने बताया कि प्रत्येक नगरीय निकाय में संबंधित उपखण्ड अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा संबंधित आयुक्त अथवा अधिशाषी अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ये अधिकारी शिविरों में विशेष योग्यजनों के सर्वे अभियान का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करेंगे तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ेंगे।कलक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सर्वे कार्य को विशेष अभियान के रूप में संचालित किया जाए। साथ ही प्रत्येक विशेष योग्यजन का चिन्हीकरण कर उनकी आवश्यकतानुसार सहायक उपकरणों की जरूरत का भी आकलन किया जाए, ताकि कोई भी पात्र विशेष योग्यजन सरकारी योजनाओं एवं आवश्यक सुविधाओं से वंचित न रहे।




## केंद्रीय भंडार निगम ने मदन दिलावर को सौंपा 44 लाख रुपए का चेक

कोटा। केन्द्रीय भंडार निगम ने राजस्थान में कोटा जिले में रामगंजमंडी क्षेत्र के राजकीय चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए लगभग 44 लाख रुपए मूल्य के आवश्यक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है।निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रिंस कुमार ने गुरुवार को शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर को कोटा स्थित उनके निजी आवास पर सहायता राशि 44 लाख रुपए का चेक सौंपा।इस अवसर पर कुमार ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार करना, स्वास्थ्य संस्थानों की क्षमता को बढ़ाना तथा आमजन को समयबद्ध एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करने में सहयोग प्रदान करना है।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल राज्य सरकार के स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाएगी तथा क्षेत्र के नागरिकों को गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।इस अवसर पर दिलावर ने केंद्रीय भंडार निगम का आभार व्यक्त किया और विधानसभा क्षेत्र की चिकित्सा सुविधाओं की मजबूती के लिए सहयोग देने के लिए निगम के क्षेत्र प्रबंधक का आभार प्रकट किया।



समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

मो. +91 9887907277, 7737385114
Email ID
sabgurunews@gmail.com
अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.
जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)